BSNLEU

P. Abhimanyu
General Secretary

BSNL EMPLOYEES UNION

Central Head Quarters

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in

BSNLEU/102 (Circular No.03) **27th March, 2020**

प्रति,

सर्किल सेक्रेटरीज,
सेंट्रल ऑफिस बेयरर्स,
एवं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरीज।

कॉमरेड्स,

आओ निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराएं, हमारी स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए।

COVID-19 (कोरोना वायरस डिसीज़-19) जंगल की आग की तरह फैल रहा है। अभी तक यह 198 देशों में अपने पांव पसार चुका है। जब यह सरक्यूलर जारी किया जा रहा है, विश्व भर में 5,33,000 लोग इस बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं और 24,000 से अधिक की मृत्यु हो चुकी है। भारत में, 600 से अधिक लोग अब तक प्रभावित हो चुके हैं और 19 का निधन हो चुका है। अभी तक इस जानलेवा बीमारी से बचाव या उपचार की खोज नही हो सकी है। कोरोना वायरस डिसीज़ की रोकथाम के लिए भारत सरकार ने 24 मार्च, 2020 से सम्पूर्ण देश को लॉक डाउन कर दिया है।

भले ही, देश में 3 सप्ताह के लिए नाकेबंदी कर दी गई हो, जन सामान्य को जल प्रदाय, बिजली और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना होगी। यह बताना जरूरी नही है कि जल प्रदाय, बिजली और आवश्यक सामग्री की उपलब्धता के लिए दूरसंचार सेवाएं भी आवश्यक है। अतः, ऐसी विकट स्थिति में भी BSNL नेटवर्क का निर्बाध रूप से मेन्टेन रहना और संचालित करना आवश्यक है।

देश को, पूर्व में, जब भी नैसर्गिक आपदाएं जैसे तूफान, बाढ़ आदि का सामना करना पड़ा है, यह BSNL ही था जो प्रभावित लोगों के साथ खड़ा हुआ है। उसने राहत और बचाव कार्यों के संचालन के लिए निर्बाधित दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध की है। इसी प्रकार, वर्तमान परिस्थिति में भी, जब देश के समक्ष कोरोना वायरस का जबरदस्त खतरा विद्यमान है, BSNL से अपनी जरूरी भूमिका का निर्वहन करना अपेक्षित है।

BSNL कॉर्पोरेट ऑफिस ने अपने पत्र दिनांक 24.03.2020 द्वारा, टेलीफोन एक्सचेंजेस, OFC नेटवर्क्स, BTSs, BFC, MSC, DSAM, OLTs, आदि के रखरखाव व संचालन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। साथ ही, उसके द्वारा, कर्मचारियों की सुरक्षा की सुनिश्चितता हेतु उठाए जाने वाले कदमों के लिए भी निर्देशित किया गया है।

अतः, यह बताना जरूरी नही है कि BSNL के फील्ड स्टाफ को अपने कर्तव्य का निर्वहन करना है, जिससे कि लोगों को BSNL की सेवाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध की जा सके। साथ ही साथ, उन्हें अपनी स्वयं की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी है। मेडिकल एक्सपर्ट्स ने कोरोना वायरस के इन्फेक्शन से बचाव हेतु कुछ सुरक्षात्मक उपाय सुझाएँ है। इस बीमारी से

बचाव के लिए मास्क पहनना, बार बार साबुन से हाथ धोना, सेनिटायजर्स से असंक्रमित करना आदि के उपयोग का सुझाव दिया गया है।

ऐसे विकट समय में, CHQ, अपने कॉमरेड्स से विनम्र अपील करता है कि COVID-19 के संक्रमण से स्वयं को बचाने के लिए इन सभी सुरक्षात्मक उपायों का आवश्यक रूप से पालन करें। सर्किल व डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरीज से अनुरोध है , वें निरंतर रूप से मॉनिटरिंग करते रहें कि जो व्यवस्थाएं कॉर्पोरेट ऑफिस के उपरोक्त पत्र में उल्लेखित हैं, वें फील्ड लेवल पर की गई है अथवा नही।

BSNL की सेवाओं का रखरखाव हमें सुनिश्चित करना है। इसके साथ साथ, फील्ड में कार्यरत हमारे कॉमरेड्स की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी है। इस संबंध में ऐसा कोई भी मुद्दा, जिसका CHQ को संज्ञान लेना है, त्वरित रूप से महासचिव को फ़ोन पर और व्हाट्सएप या ईमेल के जरिए सूचित करें।

धन्यवाद !
भवदीय,

(पी अभिमन्यु)
महासचिव